जवाब दो!!! सरकार
www.jawabdosarkar.com
देश का पहला जवाबदेही पोर्टल

देश के लिए.....अव्यवस्था के खिलाफ......

जवाब दो!!!सरकार...

www.jawabdosarkar.com

रेफरेंस संख्या –2020/vps/02 E-Newsletter, Issued in Public Interest गुरुवार, 12 मार्च 2020

पी.एच.ई.डी. के पुराने पम्प हाउस की आड़ में सड़क पर अतिक्रमण

कहने को हमारे सभी सरकारी विभाग जनता के लिए हितों के लिए ही कार्य करते है परन्तु कभी कभी उनकी लापरवाही किसी ख़ास नागरिक के लिए सुविधा और अन्य नागरिकों के लिए परेशानी का सबब बन जाती है|ऐसी ही एक परेशानी डी-ब्लाक,हरि नगर,शास्त्रीनगर,जयपुर के रहवासियों के सामने खड़ी हो गयी है|जहाँ पर भूखंड संख्या डी-1 के सामने बरसों पहले पी.एच.ई.डी. द्वारा बोरिंग के लिए एक गुमटी बनायीं थी,परन्तु नगर निगम द्वारा पानी सप्लाई की अन्य लाईन बिछा देने से यह गुमटी कई वर्षो से बेकार पड़ी हुई है,जिसका अन्य कोई उपयोग भी नही किया जा रहा है|परन्तु इसी बेकार पड़ी गुमटी के पीछे स्थित भूखंडधारी द्वारा गुमटी के बराबर तक अपने प्लाट की लम्बाई बढाकर सड़क पर अतिक्रमण कर लिया गया है जिससे डी-ब्लाक,हरिनगर की यह महत्वपूर्ण सडक अपने प्रारम्भ में ही 15 फिट की रह गयी है|जबकि इस प्लाट के बाद सड़क की चौडाई अंत तक 30 फिट है|गुमटी की आड़ में हुए इस अतिक्रमण से कोलोनीवासियों के साथ साथ यहाँ पर आने वाला हर शख्स परेशान है|गुमटी के इस टूटे-फूटे ढांचे से जहाँ इस कोलोनी की शोभा ख़राब होती है वही इस अतिक्रमण के कारण बने " बोतलनेक" की वजह से स्थानीय ट्रेफिक की समस्या खड़ी हो जाती है|कई बार गाड़ी आगे-पीछे लेने को लेकर वाहन चालकों में कहासुनी तक हो जाती है जिसमे स्थानीय निवासियों को बीच बचाव करना पड़ता है|

मकान संख्या डी-1,डी-ब्लाक,हरिनगर शास्त्री नगर,जयपुर के सामने मुख्य सड़क पर बनी गुमटी

सड़क नगर निगम की,बेकार पड़ी गुमटी को हटाने की जिम्मेदारी भी निगम की|

प्रशासनिक दृष्टी से डी-ब्लाक,हरिनगर की यह सडक नगर निगम के विद्याधर नगर ज़ोन में आती है,जब इस सड़क का निर्माण करवाया जा रहा था तब स्थानीय निवासियों द्वारा निगम प्रशासन को इस बेकार पड़ी गुमटी को हटवा कर सड़क चौड़ी करने हेतु ज्ञापन दिया गया था|परन्तु प्रभावशाली अतिक्रमी के रसुखातों के चलते ना तो इस गुमटी को हटाया गया और ना ही गुमटी की आड़ में बने अतिक्रमण को|परिणाम स्वरुप डी ब्लाक की यह महत्वपूर्ण सड़क 30 फिट की जगह 15 फिट की ही रह गयी है|

मकान संख्या डी-1,डी-ब्लाक,हरिनगर शास्त्री नगर की मुख्य सड़क पर बनी गुमटी और इस मकान के अतिक्रमण के कारण 30 फिट की सड़क 15 फिट ही रह गयी है|